बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 01 / भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–गुल0(प्रभार)–14 / 2023 9163 ...**पटना, दिनांक**: 12/12/2023

आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–19300, दिनांक 13.10.2023 में निहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत दिनांक 11.12.2023 को आयोजित विभागीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7 में पदस्थापित लिपिकीय संवर्ग के निम्नांकित कुल–06 कर्मियों को **प्रधान लिपिक के पद पर** विहित वेतनमान (वेतन स्तर–06) सहित, अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया जाता है :–

क्र0सं0	कर्मी का नाम	वरीयता क्रमांक	वर्त्तमान पद
1	2	3	4
1	श्री मुन्ना कुमार चौधरी	4	उच्चवर्गीय लिपिक
2	मो0 अली	6	उच्चवर्गीय लिपिक
3	श्री संजय कुमार पाण्डेय	1	निम्नवर्गीय लिपिक
4	श्री संजय कुमार भट्ट	2	निम्नवर्गीय लिपिक
5	श्री संजय कुमार	3	निम्नवर्गीय लिपिक
6	श्री सुमन जी कपूर	4	निम्नवर्गीय लिपिक

2. यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–19300 दिनांक 13.10.2023 में निहित शर्त्तों के अध्यधीन है।

3. उपर्युक्त लिपिकों द्वारा वर्त्तमान में धारित पद को अगले आदेश तक प्रधान लिपिक (विहित वेतनमान–वेतन स्तर–06) में उत्क्रमित किया जाता है।

4. उपरोक्त उच्चतर पद का विहित वेतनमान सहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील संख्या–4880 / 2017 राज्य सरकार एवं अन्य बनाम सुशील कुमार सिंह एवं अन्य तथा अन्य संबद्ध वादों में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त पर औपबंधिक रूप से प्रदान की जाती है।

5. उपर्युक्त लिपिकों को योगदान करने की तिथि से प्रधान लिपिक के पद पर अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ देय होगा।

6. आदेश निर्गत के पश्चात् भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि / विसंगति पाये जाने की स्थिति में तदनुसार इसे संशोधित अथवा निरस्त किया जा सकेगा।

12/12/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–गुल0(प्रभार)–14 / 2023 9163 **पटना, दिनांक** : 12/12/2023

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (लेखा एवं हक0), बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–गुल0(प्रभार)–14 / 2023..9163.......... **पटना, दिनांक** :–12/12/2023

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव / प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / सभी संबंधित कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01 / भू0अ0नि0(2)क्षे0स्था0–गुल0(प्रभार)–14 / 2023..9163........ **पटना, दिनांक**:12/12/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/12/23

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप